भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या *131**
उत्तर देने की तारीख 09.02.2026

**महाराष्ट्र और राजस्थान में एनएमसीएम**

***131. श्री अरविंद गणपत सावंत :**
**श्री ओमप्रकाश भूपालसिंह उर्फ पवन राजेनिंबालकर :**

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) महाराष्ट्र और राजस्थान सहित देश भर में राष्ट्रीय सांस्कृतिक मानचित्रण मिशन (एनएमसीएम) की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) उक्त मिशन के अंतर्गत अब तक पंजीकृत किए गए उक्त राज्यों के कलाकारों, लोक कला समूहों और सांस्कृतिक संस्थानों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार द्वारा उक्त राज्यों के सभी जिलों में सांस्कृतिक संसाधनों की डिजिटल मैपिंग का कार्य पूरा कर लिया गया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसमें विलंब के क्या कारण हैं और इसे पूरा करने के लिए निर्धारित समय-सीमा क्या है; और

(ङ) इस मानचित्रण प्रक्रिया के अंतर्गत ग्रामीण और जनजातीय कलाकारों को शामिल किया जाना सुनिश्चित करने के लिए किए गए/किए जा रहे विशेष उपायों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री**
**(गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ङ) : विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

**'महाराष्ट्र और राजस्थान में एनएमसीएम' के संबंध में दिनांक 09 फरवरी, 2026 को माननीय संसद सदस्यों श्री अरविंद गणपत सावंत और श्री ओमप्रकाश भूपालसिंह उर्फ पवन राजेनिंबालकर द्वारा पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *131 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क): राष्ट्रीय सांस्कृतिक मानचित्रण मिशन (एनएमसीएम) के अंतर्गत मेरा गांव मेरी धरोहर (एमजीएमडी) पोर्टल देश भर में ग्राम स्तरीय सांस्कृतिक मानचित्रण करता है। वर्तमान में 6.23 लाख गांवों को कवर किया गया है। कवर किए गए गांवों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार वितरण **अनुलग्नक-I** पर दिया गया है। महाराष्ट्र में 40042 गांवों को कवर किया गया है जबकि राजस्थान में 46696 गांवों को कवर किया गया है।

(ख): एमजीएमडी पोर्टल पर महाराष्ट्र और राजस्थान सहित सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के डेटा का रखरखाव ग्राम-वार किया जाता है न कि अलग-अलग सांस्कृतिक घटकों के अनुसार। तथापि, ग्राम सांस्कृतिक प्रोफाइलों के भाग के रूप में प्रलेखित कुछेक कलाकारों, लोक कला समूहों और सांस्कृतिक संस्थाओं का विवरण **अनुलग्नक-II** पर दिया गया है।

(ग): एमजीएमडी पोर्टल महाराष्ट्र और राजस्थान सहित पूरे भारत से ग्राम स्तर पर सांस्कृतिक संसाधनों का प्रलेखन एक संरचित प्रारूप में करता है जिसमें अन्य घटकों के साथ-साथ विरासत स्थलों, वाचिक परंपराओं, आस्थाओं और रीति-रिवाजों, ऐतिहासिक महत्व, स्थानीय मुख्य स्थलों और कला रूपों को शामिल किया जाता है। महाराष्ट्र में, एमजीएमडी पोर्टल पर 42757 लक्षित गांवों में से 40042 गांवों को अब तक मानचित्रित किया गया है। राजस्थान में, एमजीएमडी पोर्टल पर 46744 लक्षित गांवों में से 46696 गांवों को अब तक मानचित्रित किया गया है।

(घ): एनएमसीएम में देश भर के गांवों के सांस्कृतिक मानचित्रण की परिकल्पना की गई है। महाराष्ट्र के शेष 2715 गांवों और राजस्थान के शेष 48 गांवों का मानचित्रण किया जा रहा है।

(ङ.) एमजीएमडी पोर्टल को एनएमसीएम के अंतर्गत एक डिजिटल सांस्कृतिक संग्रह के रूप में विकसित किया गया है। प्रलेखन कार्यकलापों के भाग के रूप में एमजीएमडी पूरे भारत में ग्राम स्तर पर विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक घटकों को कवर करता है

जिनमें विरासत स्थल, वाचिक परंपराएं, आस्थाएं और रीति-रिवाज, ऐतिहासिक महत्व, स्थानीय प्रसिद्ध स्थल, मेले और महोत्सव, पारंपरिक परिधान, आभूषण, पारंपरिक खान-पान और स्थानीय कलाकार तथा कला रूप, जहां भी उपलब्ध हो, शामिल हैं। एमजीएमडी पर डेटा का रखरखाव ग्राम-वार किया जाता है, न कि अलग-अलग घटकों के अनुसार। तथापि, महाराष्ट्र में प्रलेखित कुछेक जनजातीय समुदायों में कुनबी, वर्ली, ठाकर, गोंड, कोली, मलहार कोली, महादेव कोली, भील, कोकना, पावड़ा, कोलम, परधान, कोरकु, आंध और कटकरी शामिल हैं। इसी प्रकार, राजस्थान में मानचित्रित कुछेक जनजातीय समुदायों में भील, कालबेलिया, गड़ासिया, सहरिया, कामद और मीणा शामिल हैं। महाराष्ट्र और राजस्थान के प्रलेखित कुछ प्रसिद्ध ग्रामीण और जनजातीय कलाकारों का विवरण **अनुलग्नक-III** पर दिया गया है।

*****

**अनुलग्नक-I**

**'महाराष्ट्र और राजस्थान में एनएमसीएम' के संबंध में दिनांक 09 फरवरी, 2026 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *131 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

एमजीएमडी पोर्टल पर अपलोड किए गए गांवों की संख्या का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार वितरण

| **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **अपलोड किए गए गांवों की संख्या** |
|---|---|
| अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 176 |
| आंध्र प्रदेश | 17142 |
| अरुणाचल प्रदेश | 4613 |
| असम | 26074 |
| बिहार | 39563 |
| चंडीगढ़ | 12 |
| छत्तीसगढ | 19571 |
| दिल्ली | 252 |
| गोवा | 431 |
| गुजरात | 19271 |
| हरियाणा | 7579 |
| हिमाचल प्रदेश | 18735 |
| जम्मू और कश्मीर | 6926 |
| झारखंड | 29908 |
| कर्नाटक | 29569 |
| केरल | 1275 |
| लद्दाख | 238 |
| लक्षद्वीप द्वीप समूह | 13 |
| मध्य प्रदेश | 56429 |
| महाराष्ट्र | 40042 |
| मणिपुर | 306 |
| मेघालय | 7012 |
| मिजोरम | 1026 |
| नागालैंड | 1498 |
| ओडिशा | 47209 |
| पुदुचेरी | 127 |
| पंजाब | 12084 |
| राजस्थान | 46696 |
| सिक्किम | 464 |
| तमिलनाडु | 19219 |
| तेलंगाना | 9824 |
| दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 107 |
| त्रिपुरा | 899 |
| उत्तर प्रदेश | 103003 |
| उत्तराखंड | 15727 |
| पश्चिम बंगाल | 40429 |

**'महाराष्ट्र और राजस्थान में एनएमसीएम' के संबंध में दिनांक 09 फरवरी, 2026 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *131 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**एमजीएमडी पर महाराष्ट्र से प्रलेखित किए गए कुछ लोक कलाकार और उनके संबंधित कला रूप**

| क्र. सं. | कलाकार (श्री/श्रीमती/सुश्री) | कला रूप |
|---|---|---|
| 1. | परशुराम आत्माराम गंगावाने | चित्राकथी |
| 2. | जीव्या सोमा माशे | वर्ली चित्रकला |
| 3. | किशोर सदाशिव म्हासे | वर्ली चित्रकला |
| 4. | राजेश वांगड़ | वर्ली चित्रकला |
| 5. | कृष्णाराव गणपतराव साबले | लोक रंगमंच |
| 6. | गणपत बुजाड़ | तरपा नृत्य |
| 7. | प्रहलाद शिंदे | लोक और भक्ति गायक |
| 8. | तुकाराम बेलकर | घोर नृत्य |
| 9. | पठ्ठे बापूराव | तमाशा प्रस्तुतिकर्ता और कवि |
| 10. | कुसुम खरपड़े | वर्ली कला |
| 11. | रेखा खरपड़े | वर्ली कला |

एमजीएमडी पर महाराष्ट्र से प्रलेखित कुछ लोक कला समूह और उनके संबंधित कला रूप

| क्र. सं. | लोक कला समूह | कला रूप |
|---|---|---|
| 1. | आनंद नाट्य मंडल | तमाशा |
| 2. | माशे वर्ली कलाकार | वर्ली चित्रकला |
| 3. | वाडेया बंधु | वर्ली चित्रकला |
| 4. | कोलितमारा के कलाकार | गोंड चित्रकला |
| 5. | शिव मल्हार जागरण गोंधल पार्टी | गोंधल प्रस्तुति |
| 6. | अनिल भीमराव कोलेकर | ढांगरी गाजा जनजातीय नृत्य |

एमजीएमडी पर महाराष्ट्र से प्रलेखित कुछ सांस्कृतिक संस्थाएं

| क्र. | सांस्कृतिक संस्था | विषय |
|---|---|---|
| 1. | ठाकर आदिवासी कला आंगन संग्रहालय | ठाकर जनजातीय विरासत |
| 2. | आदिवासी सांस्कृतिक भवन | जनजातीय विरासत परिरक्षण |

एमजीएमडी पर राजस्थान से प्रलेखित कुछ लोक कलाकार और उनसे संबंधित कला रूप

| क्र. सं. | कलाकार (श्री/श्रीमती/सुश्री) | कला रूप |
|---|---|---|
| 1. | मोहन लाल चतुभुज कुम्हार | मांडशिल्प- टेराकोटा रिलीफ आर्ट |
| 2. | खेमराज कुम्हार | मांडशिल्प- टेराकोटा रिलीफ आर्ट |
| 3. | राजेन्द्र कुम्हार | मांडशिल्प- टेराकोटा रिलीफ आर्ट |
| 4. | हिम्मत लाल कुम्हार | मांडशिल्प- टेराकोटा रिलीफ आर्ट |
| 5. | जमना लाल कुम्हार | मांडशिल्प- टेराकोटा रिलीफ आर्ट |
| 6 | प्रेमशंकर कुम्हार | मांडशिल्प- टेराकोटा रिलीफ आर्ट |
| 7. | गोवर्धन नाथ | कालबेलिया नृत्य |
| 8. | जमन लाल भांड | बाक्या वादक |
| 9. | राम निवास बैरवा | नुक्कड़ नाटक और कठपुतली शो |
| 10. | सत्य नारायण सुथार | कावड़ कला |
| 11. | द्वारका प्रसाद जागीर | कावड़ कला |

एमजीएमडी पर राजस्थान से प्रलेखित कुछ लोक कला समूह और उनके संबंधित कला रूप

| क्र. सं. | लोक कला समूह | कला रूप |
|---|---|---|
| 1. | सरदा कालबेलिया और समूह | कालबेलिया नृत्य |
| 2. | बाड़मेर के सारंगिया लांगा | सारंगी वादक |
| 3. | राजकी सपेरा दल | कालबेलिया नृत्य, चरी नृत्य, घूमर नृत्य और ग्रामीण भवई नृत्य |
| 4. | बाबूलाल भट्ट और समूह | राजस्थानी मांड लोक गीत |
| 5. | पुनमा राम और पदम राम | पावा वादक (लोक वाद्ययंत्र) |

एमजीएमडी पर राजस्थान से प्रलेखित कुछ सांस्कृतिक संस्थाएं

| क्र. सं. | सांस्कृतिक संस्था | विषय |
|---|---|---|
| 1. | मोहन टेराकोटा कला अनुसंधान एवं विकास केन्द्र | मांडशिल्प- टेराकोटा रिलीफ आर्ट |
| 2. | बेयरफुट कॉलेज सामाजिक कार्य एवं अनुसंधान केन्द्र | हथकरघा, चमड़े का कार्य, काष्ठ नक्काशी, कठपुतली शो, नुक्कड़ नाटक, |
| 3. | हंथेली संस्थान | पारंपरिक और लोक शिल्प |
| 4. | रूपायन संस्थान | लोक साहित्य परिरक्षण |
| 5. | अरणा झरना | मरु संग्रहालय |

अनुलग्नक-III

**'महाराष्ट्र और राजस्थान में एनएमसीएम' के संबंध में दिनांक 09 फरवरी, 2026 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *131 के भाग (ड.) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

एमजीएमडी पर महाराष्ट्र से प्रलेखित कुछ जनजातीय कलाकारों और उनके संबंधित कला रूप

| **क्र. सं.** | **जनजातीय कलाकार (श्री/श्रीमती/सुश्री)** | **जनजातीय कला रूप** |
|---|---|---|
| 1. | परशुराम आत्माराम गंगावाने | दृश्य कला, कठपुतली ( कलसूत्री बहुल्या) और चर्म छाया कठपुतली के साथ चित्रकथी कहानी सुनाना |
| 2. | सुदाम काशीराम घोये | पेपर माशे |
| 3. | जिब्या सोमा माशे | वर्ली चित्रकला |
| 4. | दिलीप राम बहोटा | वर्ली चित्रकला |
| 5. | वंशा जानू भुजड़ | बांस कारीगर |
| 6. | सुरेश चंद्र पुंगाटी | ढोकरा (लुप्त मोम धातु ढलाई विधि) |
| 7. | राजेश वांगड़ | वर्ली चित्रकला |
| 8. | कंचन सुरती | बांस हस्तशिल्प |
| 9. | मुकुंदा पडवी | वर्ली पावरी नृत्य |
| 10. | भीकल्या लाडक्या ढिंडा | तारपा वादक |

एमजीएमडी पर राजस्थान से प्रलेखित कुछ जनजातीय कलाकारों और उनके संबंधित कला रूप

| **क्र. सं.** | **जनजातीय** | **जनजातीय कला रूप** |
|---|---|---|
| 1. | गुलाबो सपेरा | कालबेलिया नृत्य |
| 2. | विद्या देवी सोनी | मंडाणा कला |
| 3. | यशपाल बरंडा | भील चित्रकला |
| 4. | मोहनलाल कुम्हार | मोलेला टेराकोटा |
| 5. | मांगीलाल भील | मोर पंख कला |

*****